दिनांक : 20.05.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा पर कल रात रोम पहुंचे। हवाई अड्डे पर इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने उनका स्वागत किया। इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी ने उनके सम्मान में रात्रिभोज दिया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर बताया कि इस यात्रा का मुख्य मकसद भारत और इटली के बीच संबंधों को और मजबूत करना है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि दोनों देशों के बीच 2025 से 2029 तक की संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना की भी समीक्षा होगी। इस दौरे में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी खास चर्चा होगी।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में लंबे समय से अटकी तबादला नीति-2026 को मंजूरी मिली है। नई नीति में प्रशासनिक और स्वैच्छिक तबादलों को अलग-अलग रखा गया है। इससे जरूरी फेरबदल आसान होंगे। कैबिनेट बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने मीडिया को बताया-

सीएम-गूगल बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में गूगल के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। बैठक में प्रदेश में AI आधारित डिजिटल सेवाओं और क्लाउड तकनीक के इस्तेमाल पर रणनीतिक चर्चा होगी। सिंहस्थ-2028 के लिए स्मार्ट भीड़ प्रबंधन और AI पुलिसिंग के साथ-साथ स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा में तकनीक के उपयोग पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में गूगल क्लाउड इंडिया और सिंगापुर से आए वैश्विक प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज बैतूल जिले के दौरे पर हैं। वे भीमपुर के पुलिस ग्राउंड में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत आयोजित महा अभियान कार्यक्रम

में शामिल हो रहे हैं। यहां सिकल सेल और थैलीसीमिया जांच मशीन का उद्घाटन किया जाएगा और जरूरतमंदों को हितलाभ भी बांटे जाएंगे।

भागवत -शहडोल दौरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत आज पहली बार शहडोल पहुंच रहे हैं। वे ट्रेन से कटनी आएंगे और फिर सड़क मार्ग से शहडोल पहुंचेंगे। तीन दिन के इस प्रवास में उनका मुख्य कार्यक्रम पांडव नगर के सरस्वती स्कूल में होगा, जहां 300 से ज्यादा शिक्षार्थियों के साथ बौद्धिक शिविर आयोजित है।

दवा दुकानें-बंद

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में आज प्रदेश की हजारों दवा दुकानें बंद हैं। व्यापारियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और कहा कि ऑनलाइन दवाओं की न कोई निगरानी है, न कोई जवाबदेही। हड़ताल का सबसे ज्यादा असर उन मरीजों पर पड़ा जो रोज़ाना की दवाओं के लिए पूरी तरह रिटेल दुकानों पर निर्भर हैं।

उद्यमिता बैठक

इंदौर में आज से ब्रिक्स युवा उद्यमिता कार्य समूह की दो दिवसीय बैठक शुरू हुई। होटल मेरियट में हो रहे इस आयोजन में ब्रिक्स देशों के युवा उद्यमी और प्रतिनिधि अपने-अपने देशों के स्टार्टअप और नवाचार मॉडल साझा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया इस बैठक को वर्चुअली संबोधित करेंगे। कल बैठक के दूसरे दिन प्रतिनिधि क्रिस्टल आईटी पार्क और पीथमपुर की सिपला कंपनी का दौरा भी करेंगे।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने इस सीजन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कल नौगांव में तापमान 47 डिग्री और खजुराहो में 46.4 डिग्री पहुंच गया। वहीं प्रदेश के 22 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार रहा और ग्वालियर में भी पहली बार 45 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन लू की चेतावनी जारी की है।

संक्षिप्त समाचार

- नर्मदापुरम जिले की इटारसी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में निश्चय पोषण योजना के तहत 12 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरित की गई।
- नीमच में कल 21 मई शासकीय आई.टी.आई. मनासा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
- आगरमालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद ने लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से नगर में भव्य गीता भवन के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की है।
- जबलपुर में पारा 43 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। वहीं कल मंगलवार को यहां का इस बार का सर्वाधिक तापमान 44.6 रिकॉर्ड किया गया।